**1001-C**

**B.Sc. (Part I) EXAMINATION, 2019**

(Three Year Scheme 10+2+3 Pattern) (Faculty of Science)

# GENERAL HINDI

## ( सामान्य हिन्दी )

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 100
Minimum Pass Marks : 30

*Write you roll number on question paper before start writing answers of questions.*
*प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें।*

1. *निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए—*

*(क) टाइम टेबल बना लेना एक बात है, उस पर अमल करना दूसरी बात।* पहले ही दिन उसकी अवहेलना शुरू हो जाती मैदान *की वह सुखद हरियाली,* हवा के हलके हलके झोंके फुटबाल की वह उछल-कूद कबड्डी के वह दाँव-घात वाली बात की वह तेजी और फुरती मुझे अनिवार्य रूप से खींच ले जाती और वहाँ जाते ही मैं सब कुछ भूल जाता। 5

**अथवा**

**शनि को यदि दूरबीन से देखा जाए, तो इस ग्रह के चहुँ ओर वलय (गोल) दिखाई देते हैं। प्रकृति ने इस ग्रह के गले में खूबसूरत हार डाल दिए हैं। शनि के इन वलयों या कंकणों ने इस ग्रह को सौर-मंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है।** वस्तुतः शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है।

*(ख) कुछ देर बाद हम लोग जीपों पर सवार हो आगे बढ़ गए।* किसान ने हमें जाते देख राहत की साँस ली। जीप में काफी हरा *चना ढेर पड़ा था। मैं खाने लगा।* वे लोग भी खाने लगे। एकाएक मुझे लगा कि जीप पर तीन इल्लियाँ सवार हैं जो खेतों की ओर चली जा रही हैं। तीन बड़ी-बड़ी इल्लियाँ सिर्फ तीन ही नहीं, ऐसी हजारों इल्लियाँ हैं। ये सिर्फ चना ही नहीं खा रही सब कुछ खाती हैं और निश्शंक जीपों पर सवार चली जा रही हैं। 5

**अथवा**

राजस्थान का इतिहास शौर्य गाथाओं से परिपूर्ण है। यहाँ का जीवन रोमांच और बलिदानों से भरा पड़ा है। उसी की अभिव्यक्ति यहाँ के साहित्य और विविध कलाओं में दृष्टिगोचर होती है। राजस्थानी समाज में नित्य प्रति होने वाले संस्कारों के आयोजनों में भी इन्हीं भावनाओं का पोषण मिलता है। 5

निम्नांकित पद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए—

(क) लूटि सकै तो लूटियौ, राम नाम है लूटि

पीछे ही पछिताहुगें, यहु तन जैहै छूटि।।

बहुत दिनन की जोवती बाट तुम्हारी राम।

जिव तरसै तुव मिलन कूँ मनि नाहीं विश्रम।। 5

**अथवा**

कैसे देउँ नाथहिं खोरि।



P.T.O.

काम लोलुप भ्रमत मन हरि भगति परिहरि तोरि।

बहुत भाँति पुजादूबे पर, पूजिबे पर थोरि।।

देत सिख सिख्यो न मानत मूढ़ता असि मोटि।

एतेहुँ पै तुम्हरो कहावत लाज अँचई घोरि।

निलजता पर रीझि रघुबर, देहु तुलसिहिं छोरि।। 5

(ख) वह तोड़ती पत्थर।

देखा उसे मैंने इलाहाबाद के पथ पर

कोई न छायादार

पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,

श्यामतन भर बंधा यौवन,

नत नयन प्रिय कर्मरत मन।

गुरु हथौड़ा हाथ

करती बार-बार प्रहार

सामने तरू मालिका, अट्टालिका प्राकार।। 5

अथवा

मानव का रचा हुआ सूरज

मानव को भाप बनाकर सोख गया

पत्थर पर लिखी हुई यह

जली हुई छाया

मानव की साखी है।

3. (क) 'बड़े भाई साहब' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखते हुए इस कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 7½

अथवा

'शनि सबसे सुंदर ग्रह' के आधार पर शनि ग्रह का परिचय प्रस्तुत कीजिए।

(ख) 'आज की खरे हैं तालाब' के आधार पर पर्यावरण-रक्षा पर प्रकाश डालिए। 7½

अथवा

राजस्थान की सांस्कृतिक धरोहर' निबंध में वर्णित राजस्थानी संस्कृति की विशेषताएँ लिखिए। 7½

4. (क) सूरदास की भाक्ति भावना' पर एक निबंध लिखिए। 7½

अथवा

रहीम की कविता की सामान्य विशेषताएँ बताइए।

(ख) मैथिलीशरण गुप्त और उनके साकेत का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 7½

अथवा

सुमित्रानंदन पंत की 'नौका विहार' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

6. (क) निम्नांकित में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबंध लिखिए— 8

(i) भारतीय लोकतंत्र
(ii) भारतीय किसानों की समस्याएँ
(iii) यदि मैं प्रधानमंत्री होता
(iv) विज्ञान की देन।

(ख) निम्नांकित अवतरणों का एक तिहाई शब्दों में संक्षेपण कीजिए—

पद्मीघाट में एक अच्छा आश्रम है, रात यहाँ रहे। भोर होते ही चल दिए। पेड़ ऐसे काले दिखते थे मानो झुलसे हुए हों। शाम को बरवारी पहुँचे। गाँव के पटेल के यहाँ रहने को तो मिल गया, लेकिन पानी मांगा तो उसने रस्सी और बालटी थमा दी और कुआँ बता दिया। पानी लेने गए तो रस्सी मुश्किल से बीच कुएँ तक पहुँची। पानी पाताल को चला गया था। पास की झोंपड़ी के ग्रामीण ने अपनी रस्सी को भी जोड़ा तब पानी निकला। 4

अथवा

कोई आदमी किसी मरते हुए आदमी के पास नहीं जाता, इस डर से कि वह कत्ल के मामले में फँसा दिया जाएगा। बेटा बाप की सेवा नहीं करता। वह डरता है, बाप मर गया, तो उस पर हत्या का आरोप न लगा दिया जाए। घर जलते रहते हैं और कोई बुझाने नहीं जाता। डरता है कि कही उस पर आग लगाने का जुर्म कायम न कर दिया जाए। बच्चे नदी में डूबते रहते हैं और कोई उन्हें नहीं बचाता। 4

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक पंक्ति के अर्थ का पल्लवन कीजिए—

(i) का बरसा जब कृषी सुखाने।

(ii) पराधीन सपने हुँ सुख नाहीं।

(घ) (i) सचिव कृषि उपज मंडी सीकर को मंडी में सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए आवेदन-पत्र लिखिए। 4

अथवा

अपने क्षेत्र के थाना अधिकारी को एक पत्र लिखिए, जिसमें क्षेत्र में बढ़ रही गुंडा गर्दी की रोकथाम के लिए निवेदन हो।

(ii) डाकपाल नागौर को समय पर डाक न मिलने की शिकायत करते हुए पत्र लिखें। 4

अथवा

मतदाता-सूची में अपने नाम को शुद्ध रूप में दर्ज कराने हेतु निर्वाचन अधिकारी जयपुर को आवेदन करें। 4

(ङ) किसी एक उपसर्ग से दो शब्द बनाइए— 2½

(i) आ
(ii) निर्

(च) किसी एक प्रत्यय से दो शब्द बनाइए— 2½

(i) ता
(ii) इया

(छ) निम्नांकित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध रूप में लिखिए— 3

(i) महादेवी वर्मा प्रसिद्ध कवि थीं।

(ii) इस दुकान पर शुद्ध गाय का घी मिलता है।

(iii) पेड़ों पर कौआ बैठा है।

(iv) शेर चिंघाड़ रहा था।

(ज) निम्नांकित में से किन्हीं दो मुहावरों का अर्थ बताइए—

(i) ऊँची दुकान फीका पकवान।

(ii) नाच न जाने आँगन टेढ़ा।

(iii) आँख लगना।

(iv) कान न देना। 5

(झ) किन्हीं दो के हिन्दी पारिभाषिक शब्द लिखिए—

(i) Approval (ii) Counter Foil

(iii) Whip (iv) Inspection

(ञ) किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध कीजिए— 2

(i) [illegible] (ii) गौरव

(iii) विध्या (iv) उज्वल

(ट) सर्वनाम किसे कहते हैं? सर्वनाम के चार उदाहरण दीजिए। 5

-oOo-